www.eenadupratibha.net

104 (New Syllabus)

I

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part – II
Hindi, Paper – I
(Second Language)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचनाएँ : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड – 'क' **(60 अंक)**

1. निम्नलिखित किसी **एक** पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 1 × 6 = 6

शीलवन्त सबसे बड़ा, सब रतनन की खान ।
तीन लोक की सम्पदा, रही शील में आन ।।

अथवा

जिसे खोजती थी बरसों से अब जा कर उसको पाया ।
भाग गया था मुझे छोड़कर वह बचपन फिर से आया ।।

2. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8

(a) वीर
(b) मेरा नया बचपन

3. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8

(a) ईद और होली
(b) आत्म निर्भरता

4. किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8

(a) पच्चीस चौका डेढ़ सौ
(b) शरणागत

www.eenadupratibha.net

www.eenadupratibha.net

5. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(a) तुलसी पावस के समै धरी कोकिला मौन् ।
अब तो दादुर बोलि हैं हमें पूछि हैं कौन ।।

अथवा

पानी केरा बुदबुदा, अस मानुष की जात ।
देखत ही छिप जायगा, ज्यौं तारा परभात ।।

(b) सब देश विद्या-प्राप्ति को सतत यहाँ आते रहे,
सुरलोक में भी गीत ऐसे देव-गण गाते रहे, –
"हैं धन्य भारतवर्षवासी धन्य भारत वर्ष है,
सुरलोक से भी सर्वथा उसका अधिक उत्कर्ष है ।।"

अथवा

काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर ;
कलुष भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे !

6. निम्नलिखित किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(a) "संसार के बहरों के कान खोलने के लिए मैंने बम फेंका है । यह है मेरी पिस्तौल । आप मुझे शौक से गिरफ्तार कर सकते हैं ।"

(b) "घर में कई नौकर चाकर हैं । मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा । मैं भी आपकी सेवा करती हुई पड़ी रहूँगी ।"

(c) मुझे कुछ भी कह लीजिए बदमाश मत कहिए, मैं शरीफ आदमी हूँ । सरकार को हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ ।

(d) प्रसिद्ध पुरुषों की जीवनियों के पढ़ने से ही नहीं, वरन् उन प्रसिद्ध पुरुषों के चरित्र के अनुकरण करने से मनुष्य में पूर्णता आती है ।

7. एक शब्द में उत्तर दीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) तुलसीदास का अमर काव्य कौन सा है ?

(b) कबीर के गुरु कौन थे ?

(c) 'वर दे वीणावादिनी वर दे' कविता के कवि कौन हैं ?

(d) विश्व के देशों में फैला ज्ञान विज्ञान किसकी देन है ?

(e) वीर कविता किस काव्य से ली गई है ?

8. एक शब्द में उत्तर दीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) रूद्रम देवी के पिता का नाम क्या है ?

(b) ब्रिटिश सरकार की लाठियाँ खाकर कौन मर गये ?

(c) फैशनबुल आदमी ने थके हुए आदमी से कितने पैसे उधार पर लिए हैं ?

(d) पति की मृत्यु के बाद अभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(e) राम और हमीदा को आग से कौन बचाता है ?

www.eenadupratibha.net

www.eenadupratibha.net

खण्ड – 'ख' **(40 अंक)**

9. निम्नलिखित में से कोई **एक** पत्र लिखिए : $1 \times 5 = 5$

छुट्टी माँगते हुए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

पुस्तक-विक्रेता के नाम पत्र लिखिए ।

10. किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । $5 \times 1 = 5$

(a) अधिक
(b) उदय
(c) हिंसा
(d) छोटा
(e) जीवन
(f) आशा
(g) सुख
(h) रात

11. किन्हीं **पाँच** शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए । $5 \times 1 = 5$

(a) आशमान
(b) परकाश
(c) चात्र
(d) राष्ट
(e) विध्या
(f) बारत
(g) वस्तू
(h) लेकक

12. किन्हीं **पाँच** शब्दों के कम से कम दो समानार्थी शब्द लिखिए । $5 \times 1 = 5$

(a) अंधकार
(b) आनंद
(c) कमल
(d) ईश्वर
(e) असुर
(f) इच्छा
(g) आँख
(h) आकाश

13. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में अनुवाद कीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) Staff
(b) Law
(c) Annual
(d) Forest Officer
(e) Oath
(f) Education Officer
(g) Parliament
(h) News Editor

www.eenadupratibha.net

www.eenadupratibha.net

14. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) जंगल ________ पशु-पक्षी रहते हैं ।

(b) कृष्ण ________ कंस को मारा ।

(c) यह शीला ________ माँ है ।

(d) मेज ________ पुस्तकें रखी हैं ।

(e) वृक्ष ________ फूल गिर गये ।

15. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) शेर जंगल में रहता है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

(b) हम भारत के निवासी हैं । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

(c) मोहन निडर लड़का है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(d) नौकरानी काम करती है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

(e) सीता गाना गा रही है । (भविष्यत् काल में लिखिए ।)

16. किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) राम ने रोटी खाया ।

(b) पाँचों पांडवों का नाम लिखों ।

(c) सीता पाठशाला जाता है ।

(d) वह सबसे सुन्दरतम् है ।

(e) राम रावण मारा ।

(f) वह ऊब आया ।

(g) मेरे को कुछ ना बोलो ।

(h) मैं पाठ पढ़ेगा ।

(i) राम पाठशाला जा रहा हूँ ।

(j) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।

---

www.eenadupratibha.net